# तीनों सेनाओं का तालमेल बहुत जरूरी


**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दिल्ली में हुए सेमिनार में कहा**

**नई दिल्ली**, 30 सितम्बर. **21वीं सदी की सुरक्षा चुनौतियां तेजी से बदल रही हैं जहां युद्ध सिर्फ जमीन, आसमान और समुद्र तक सीमित नहीं रहा.**

अब इसमें अंतरिक्ष और साइबरस्पेस भी शामिल हैं. ऐसे में, भारत की सेनाओं का एकीकृत रूप से काम करना केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता बन गया है. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस दिशा में स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि तीनों सेनाएं अब एक स्वर, एक लय और एक ताल में चलें, तभी दुश्मनों को हर मोर्चे पर जवाब दिया जा सकेगा. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को दिल्ली में आयोजित एक सेमिनार के दौरान कहा कि आज की जटिल सुरक्षा चुनौतियों को देखते हुए थल, जल और वायु सेनाओं का एकीकरण अब केवल एक आदर्श नहीं, बल्कि अभियानों की जरूरत बन गया है. उन्होंने कहा कि आज के समय में खतरे केवल पारंपरिक युद्धों तक सीमित नहीं हैं.

### छोटी सी तकनीकी चूक भी बड़ा खतरा पैदा कर सकती है

राजनाथ ने कहा एकीकरण का मतलब केवल उपकरण या रणनीति का साझा होना नहीं है, बल्कि यह विश्वास, संवाद और साझा मानकों की स्थापना से जुड़ा है. उन्होंने आगाह किया कि अगर निरीक्षण और सुरक्षा मानक अलग-अलग होंगे तो मुश्किल समय में भ्रम और निर्णय में देरी की स्थिति उत्पन्न होगी. एक छोटी सी तकनीकी चूक भी बड़ा खतरा पैदा कर सकती है, उन्होंने कहा. एकीकरण की राह में चुनौतियों को स्वीकार करते हुए उन्होंने कहा कि इसके लिए निरंतर संपर्क, संवाद और पारस्परिक समझ आवश्यक है. उन्होंने बल दिया कि हर सेना को एक-दूसरे की परंपराओं और विरासत का सम्मान करना चाहिए और समन्वित तरीके से काम करने की आदत विकसित करनी चाहिए. राजनाथ सिंह ने अंत में कहा, हमें संकल्प लेना होगा कि हम पुरानी दीवारें गिराएँगे और एक नई, एकीकृत सैन्य संस्कृति की ओर बढ़ेंगे. तभी हम भविष्य की चुनौतियों का सामना कर सकेंगे और भारत को सुरक्षा के हर मोर्चे पर अव्वल स्थान दिला सकेंगे.



### अंतरिक्ष और साइबरस्पेस भी युद्ध के महत्वपूर्ण क्षेत्र

अंतरिक्ष और साइबरस्पेस भी युद्ध के महत्वपूर्ण क्षेत्र बन चुके हैं. उन्होंने कहा, 21वीं सदी में सुरक्षा का स्वरूप पूरी तरह बदल चुका है. खतरे अब अधिक जटिल और बहुआयामी हो गए हैं. इनका सामना केवल एक सेवा द्वारा नहीं किया जा सकता. आज जरूरत है, कि हमारी सेनाएं आपस में गहरे समन्वय के साथ कार्य करें. राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर का उदाहरण देते हुए कहा कि जब तीनों सेनाएं एकजुट होकर काम करती हैं, तो उनकी सामूहिक शक्ति कई गुना बढ़ जाती है.

## लंदन में महात्मा गांधी की प्रतिमा से तोड़फोड़

**लंदन** 30 सितंबर. लंदन के टैविस्टॉक स्क्वायर स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा में तोड़फोड़ के बाद भारतीय उच्चायोग ने लंदन हाई कमीशन से इस मामले की जांच की मांग की. 2 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस से पहले ब्रिटेन में सोमवार को यह घटना हुई. भारतीय उच्चायोग ने इसे शर्मनाक कृत्य बताया. इसकी जानकारी स्थानीय अधिकारियों को दी गई, जिसके बाद मामले की जांच शुरू हो गई. भारतीय उच्चायोग ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, भारत उच्चायोग लंदन के टैविस्टॉक स्क्वायर स्थित प्रतिमा के साथ हुई इस शर्मनाक तोड़फोड़ की कड़ी निंदा करता है. यह सिर्फ तोड़फोड़ नहीं है, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस से तीन दिन पहले अहिंसा के विचार और महात्मा गांधी की विरासत पर एक हिंसक हमला है.

## लद्दाख में हुई हत्याओं की निष्पक्ष न्यायिक जांच हो : राहुल गांधी

**नई दिल्ली**, 30 सितंबर. **कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने लद्दाख में प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा की घटनाओं की न्यायिक जांच करके दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की है.**



गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर लद्दाख के लोगों को धोखा देने का आरोप लगाया और कहा कि जो लोग हक की मांग कर रहे हैं, उनको हिंसा से डराने की बजाय उनसे संवाद करना चाहिए. इसके साथ ही उन्होंने लद्दाख के एक पूर्व फौजी की पीढ़ा का वीडियो भी जारी किया, जिसने देश के विभिन्न हिस्सों में सेवाएं दी और उसका बेटा लद्दाख में हुई गोलीबारी में मारा गया. कांग्रेस नेता ने अपनी पोस्ट में कहा पिता फौजी, बेटा भी फौजी - जिनके खून में देशभक्ति बसी है. फिर भी भाजपा सरकार ने देश के वीर बेटे की गोली मारकर जान ले ली, सिर्फ इसलिए क्योंकि वो लद्दाख और अपने अधिकार के लिए खड़ा था. पिता की दर्द भरी आंखें बस एक सवाल कर रही हैं - क्या आज देशसेवा का यही सिला है. गांधी ने कहा हमारी मांग है कि लद्दाख में हुई इन हत्याओं की निष्पक्ष न्यायिक जांच होनी ही चाहिए और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए.

# प्रदेश में नव निर्माण कार्यों में तेजी लाएं : धामी

**मुख्यमंत्री ने उच्च स्तरीय बैठक में दिए निर्देश**

**देहरादून**, 30 सितम्बर. **उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को अपने आवास में उच्च स्तरीय बैठक के दौरान, अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश में निर्माण और नव निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाए.**

उन्होंने कहा कि अब मानसून अवधि पूर्ण हो चुकी है, सभी विभाग धरातल पर कार्यों में तेजी लाएं. धामी ने लोक निर्माण विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि सभी सड़कें निर्धारित समय



सीमा में गड्ढा मुक्त की जाएं. उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण और मरम्मत कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. उन्होंने कहा कि क्षतिग्रस्त सड़कों के पुनर्निर्माण एवं मरम्मत कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाए. जिन क्षेत्रों से बार-बार सड़क संबंधी शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, वहां विशेष निगरानी रखी जाए और कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए.

उन्होंने गड्ढा मुक्त सड़क अभियान की कार्य प्रगति की साप्ताहिक समीक्षा करने तथा 31 अक्टूबर तक पैच वर्क पूर्ण का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, सचिव शैलेश बगोली, डॉ. पंकज पांडेय, विनय शंकर पांडेय, अपर पुलिस महानिदेशक एपी अंशुमान, विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते एवं अपर सचिव बंशीधर तिवारी उपस्थित थे।

## ईडी ने जीएसटी धोखाधड़ी मामले में की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली**, 30 सितंबर. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को बताया कि उसने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) से जुड़े एक बड़े धोखाधड़ी मामले में 15.41 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियां कुर्क की है. ईडी के अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्रवाई रांची अंचल कार्यालय द्वारा शुरू की गई. ईडी द्वारा कुर्क की गई 10 अचल संपत्तियां कोलकाता और हावड़ा में स्थित हैं. ये संपत्तियां बड़े पैमाने पर जीएसटी धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के मास्टरमाइंड अमित गुप्ता और उसके सहयोगियों की हैं.

# वेकोलि में राजभाषा पखवाड़े का समापन

**नागपुर.** 14 सितम्बर से प्रारंभ राजभाषा हिंदी पखवाड़ा का 29 सितम्बर को समापन हुआ. पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह में मुख्य अतिथि, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक जय प्रकाश द्विवेदी ने हिंदी में सर्वाधिक कार्य करने के लिए क क्षेत्र में कन्हान और ख क्षेत्र में माजरी को राजभाषा शील्ड प्रदान की. समापन समारोह में पखवाड़े के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार दिए. साथ ही, 'तिमाही राजभाषा प्रगति प्रतिवेदन' पोर्टल का लोकार्पण अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक जयप्रकाश द्विवेदी द्वारा किया. इस पोर्टल के माध्यम से



विभागों और क्षेत्रीय कार्यालयों से तिमाही राजभाषा प्रतिवेदन समय पर हो सकेगा. समारोह में अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक जय प्रकाश द्विवेदी ने कहा हिन्दी एक सरल भाषा है और हमें इसको पूर्णत: अपनाना चाहिए. उन्होंने हिंदी भाषा के प्रसार के लिए अधिक प्रोत्साहन देने पर बल दिया. संवाद के भाव हिंदी भाषा में सरलता से व्यक्त हो सकते है. उन्होंने दैनिक वार्तालाप के साथ कार्यालय के कामकाज में भी हिंदी भाषा का इस्तेमाल करने का आह्वान किया.

समारोह के प्रारंभ में महाप्रबंधक व राजभाषा प्रमुख पी. नरेन्द्र कुमार ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया. उन्होंने अपने भाषण में बताया की पखवाड़े के दौरान कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था. इनमें भाषण, स्व-रचित काव्य, स्लोगन, अंताक्षरी, प्रश्न मंच, क्विज आदि की प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी. उन्होंने कंपनी में हिंदी के बढ़ते प्रचलन का जिक्र करते हुए हिंदी भाषा के प्रचार एवं प्रसार के उद्देश्य से किए गए विविध कार्यों के बारे में अवगत कराया. कंपनी स्तरीय स्व-रचित काव्य स्पर्धा के प्रथम

# वी. के. मल्होत्रा के निधन पर केजरीवाल ने जताया शोक

**नई दिल्ली**, 30 सितम्बर. **भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और दिल्ली राजनीति के एक मजबूत स्तंभ वी. के. मल्होत्रा के निधन पर दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गहरा दु:ख व्यक्त किया है.**

सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर उन्होंने श्रद्धांजलि देते हुए दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं. दिल्ली भाजपा के दिग्गज नेता वी. के. मल्होत्रा के निधन पर देश के राजनीतिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई है. दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस अवसर पर



संवेदनशील शब्दों में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है. उन्होंने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर लिखा—दिल्ली भाजपा के वरिष्ठ नेता वी. के. मल्होत्रा जी के निधन का समाचार बेहद दुखद है. ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और अपने चरणों में स्थान दें.

मेरी संवेदनाएं शोकाकुल

## यूट्यूब कंपनी ट्रम्प को देगी 2.45 करोड़ रुपए

**वाशिंगटन.** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर से दायर मुकदमे में समझौता करने के लिये वीडिया प्लेटफॉर्म यूट्यूब ने 2.45 करोड़ रुपये चुकाने पर सहमति बनायी है. ट्रम्प ने यह जानकारी अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर दी है. ट्रुथ पर ट्रंप ने लिखा यूट्यूब ने आत्मसमर्पण कर दिया और मेरे अकाउंट पर अवैध प्रतिबंध लगाने 2.45 करोड़ रुपये देगा. इस बड़ी जीत से साबित होता है कि बड़ी टेक सेंसरशिप के बुरे परिणाम होते हैं. रिपोर्ट के मुताबिक यूट्यूब की पैरेंट कंपनी अल्फाबेट ने यह समझौता किया है. इससे पहले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स और मेटा भी ट्रंप के अकाउंट निलंबित करने पर उन्हें भुगतान करने को राजी हो चुके हैं.

# युवाओं में खादी के प्रति आकर्षण पैदा करने के प्रयास में योगी सरकार

**लखनऊ**, 30 सितंबर. **उत्तर प्रदेश सरकार ने युवाओं को खादी के इस्तेमाल की ओर आकर्षित करने की क़वायद शुरू कर दी है.**

यूपीआईटीएस 2025 में शामिल हुए बुनकरों और कारीगरों की माने तो टिकाऊ फ़ैशन के प्रति बढ़ती जागरूकता युवाओं को खादी के इस्तेमाल की ओर आकर्षित कर रही है. विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में भी हस्तनिर्मित खादी के कपड़ों की मांग बढ़ रही है. प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई एक ज़िला एक उत्पाद (ओडीओपी) और विश्वकर्मा श्रमिक सम्मान जैसी योजनाओं ने हज़ारों कारीगरों और बुनकरों को



सशक्त बनाया है. उन्होंने बताया कि सरकार अब उत्तर प्रदेश को खादी हथकरघा केंद्र के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य लेकर चल रही है. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश का हवाला देते हुए अधिकारी ने कहा, खादी आत्मनिर्भरता, शिल्प कौशल और सतत विकास का प्रतीक है जो दर्शाता है कि स्थानीय शिल्प राज्य के लिए एक मज़बूत अंतरराष्ट्रीय पहचान बना सकती है.

# शासकीय सेवकों को मिलेगा आकस्मिक ऋण

**रायपुर**, 30 सितंबर. **छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय महानदी भवन में मंत्रिपरिषद की बैठक आयोजित हुई. बैठक में प्रदेश हित से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए. बैठक में शासकीय सेवकों की आकस्मिक वित्तीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उनके वेतन के विरुद्ध अल्पावधि ऋण उपलब्ध कराने का फैसला लिया गया.**

इसके लिए बैंकों और वित्तीय संस्थाओं से प्रस्ताव आमंत्रित किए जाएंगे. इस संबंध में आगे की कार्रवाई के लिए वित्त विभाग को अधिकृत किया है. बैठक में स्पेशल एजुकेटर की भर्ती को लेकर भी निर्णय लिया गया। शिक्षा विभाग में 100 पदों पर सीधी भर्ती की अनुमति दी गई है. इसके लिए भर्ती एवं पदोन्नति नियम-2019 में एक बार की छूट प्रदान करते हुए चयन परीक्षा के बजाय मेरिट के आधार पर नियुक्ति की जाएगी. बैठक के दौरान सेवानिवृत्त हो रहे मुख्य सचिव अमिताभ जैन (आईएएस 1989 बैच) को भावभीनी विदाई दी गई. साथ ही नवनियुक्त मुख्य सचिव विकास शील (आईएएस 1994 बैच) का स्वागत भी किया गया.

BAJAJ FINSERV

**सोने के गहनों की नीलामी के लिए समाचार पत्र में सार्वजनिक सूचना**
**बजाज फाईनान्स लिमिटेड**
**पंजीकृत कार्यालय: मुंबई-पुणे रोड, अकुर्दी, पुणे-411035**

BFL सभी ऋणियों और सर्वसाधारण को सूचित करता है कि गोल्ड लोन लेते समय ऋणी ने बतौर सेक्युरिटी अपने लोन खाते में सोने के गहने गिरवी रखे और बार-बार नोटिस दिए जाने के बावजूद जो ऋणी लोन की राशि चुकाने या आवश्यक मार्जिन देने में विफल रहे उनके गहने 'जहां है जैसा है और जो है जैसा है' आधार पर नीलाम किए जाएंगे। निविदा करने वालों से अनुरोध है कि नीचे दी गई शर्तों का पालन करें:

(क) क्यूआर कोड स्कैन कर सार्वजनिक सूचना (लोन, गहनों का सकल वजन, स्थान और नीलामी की तिथि) की सम्पूर्ण जानकारी देखें।
(ख) सार्वजनिक नीलामी से संबंधित निविदा के सभी नियम और शर्तें ("टी एण्ड सी") वेबलिंक http://172.30.1.235:3000/?WOUB2QG9WU के माध्यम से पढ़ें;
(ग) नियम और शर्तें समझ लें और उसके बाद ही नीलामी की तिथि या उससे पहले बतौर अग्रिम जमा राशि रु.25,000 फंड ट्रांसफर (एनईएफटी/आरटीजीएस/बजाज गोल्ड ऑक्शन ऐप) कर दें;
(घ) नीलामी के स्थान पर सुबह 10 बजे तक व्यक्तिगत उपस्थिति दर्ज करें; तथा
(ङ) नीलामी के स्थान पर अपना पहचान और पते का वैध प्रमाण लेकर आएं।
(च) नीलामी की दिन में दोपहर 12 बजे के बाद नीलामी में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
(छ) शाखा प्रबंधक/नीलामीकर्ता को बोली लगाने वालों की भागीदारी स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार है, यदि वे निर्धारित समय सीमा में भाग नहीं लेते हैं, चाहे वे अग्रिम राशि जमा राशि (ईएमडी) का भुगतान कर चुके हो।

स्कैन करें

नीलामी के स्थान और तिथि में परिवर्तन, यदि कोई हो, तो उसकी सूचना नीलामी केंद्र पर प्रदर्शित की जाएगी। आपका निविदा करना उपरोक्त शर्तों पर सहमत होना माना जाएगा। यदि सार्वजनिक नीलामी से बिक्री निलंबित/निरस्त होती है तो बीएफएल ऋणी(ऋणियों) के कहने पर निजी तौर पर गहनों की बिक्री करने का अधिकार भी सुरक्षित रखती है। अतिरिक्त जानकारी के लिए हमसे इस ईमेल आईडी पर संपर्क करे – gold.auction@bajajfinserv.in

(10-11-25) भोपाल-इमामी गेट रोड; PF46GOL13637660, 13679832, 13680524, 13808136. भोपाल - इंद्रपुरी; PF49GOL13610659. भोपाल - करोड़; PJD2GOL13646990, 13826189. (11-11-25): बीना – इटावा स्टेशन रोड; PCA6GOL13406450. डाबरा - मैन रोड; PKH4GOL13508817, 13619133, 13780581. दतिया – सीता सागर; P34EGOL13759585, 13779024. गाडरवारा इंद्रा वार्ड; PKA3GOL13460249. (12-11-25) गंज बसौदा - मैन रोड़; P02WGOL13473523, 13619882, 13818864. गुना – ए बी रोड; PEH2GOL13579827, 13810744. ग्वालियर सिटी सेन्टर; PCA7GOL13405911, 13463676, 13626051, 13623101, 13628112. (13-11-25) ग्वालियर गोले का मंदिर; PJD1GOL13409243, 13495433, 13489767, 13506305, 13607372, 13606713, 13605470, 13628653, 13619540, 13640820, 13642025, 13713910, 13763859, 13776299, 13799340, 13823386. ग्वालियर - नया बाजार; PF25GOL13529774, 13588401, 13606017, 13741127. ग्वालियर विनय नगर; PEF2GOL13479912, 13560691, 13583414, 13645526, 13660957, 13761129. होशंगाबाद मीनाक्षी चौक; PCA9GOL13478303, 13478910, 13588594, 13588198, 13639757, 13681319, 13718231, 13760185, 13808067, 13823434. (14-11-25): इंदौर अन्नपूर्णा रोड; PER2GOL13806048. इंदौर विजय नगर; PGJ9GOL13638213, 13655574, 13675227, 13719916, 13742347, 13758207. इटारसी - सराफा बाजार; P03WGOL13494277, 13681502, 13715953, 13716768, 13764933. (17-11-25) जबलपुर-दीनदयाल चौक; PEH4GOL13624546, 13697468, 13808201, 13824595. जबलपुर - राइट टाउन; PGO3GOL13434320, 13425924, 13462909, 13460643, 13508152, 13742854, 13804277. मुरैना-शिवनगर; PJC8GOL13534274, 13609988, 13625374, 13662423, 13699473, 13704330, 13714914, 13744717, 13781283, 13823751. पोरसा - BGL; P14PGOL13533641, 13565902. (18-11-25) रीवा - BGL; P4A7GOL13461302, 13463661, 13512264, 13532017, 13547744, 13717563, 13746008, 13746040, 13809381, 13825073. सागर पारकोटा; PLL1GOL13665584. सतना रीवा रोड; PCP2GOL13550405, 13643689. (19-11-25) शहडोल- BGL; P6E0GOL13407447, 13576503. श्योपुर शिवपुरी रोड; PLC3GOL13592495, 13642707, 13803629. शिवपुरी – एबी रोड; PEH3GOL13443037, 13512212, 13642005, 13643555, 13824024.

**बजाज फाईनान्स लिमिटेड**

**एक नजर में**



## स्पेसएक्स की परीक्षण उड़ान 13 अक्टूबर को

**वाशिंगटन, 30 सितंबर.** अमेरिकी उद्यमी एलन मस्क की निजी एयरोस्पेस कंपनी स्पेसएक्स ने कहा है कि 13 अक्टूबर की शाम स्टारशिप प्रोटोटाइप की 11वीं परीक्षण उड़ान का परीक्षण किया जायेगा कंपनी ने एक बयान में कहा है, स्टारशिप की ग्यारहवीं परीक्षण उड़ान को देखते हुए पूरी तैयारी की जा रही है प्रक्षेपण विंडो शाम 6.15 बजे खुलेगी। परीक्षण का लाइव वेबकास्ट प्रक्षेपण से लगभग 30 मिनट पहले शुरू होगा. स्पेसएक्स ने बताया कि इस परीक्षण का मुख्य उद्देश्य यान के हीट शील्ड का मूल्यांकन करना और ऊपरी चरण के लिए लैंडिंग प्रक्रियाओं का अभ्यास करना है, ताकि भविष्य में इसकी प्रक्षेपण स्थल पर वापसी संभव हो सके. बयान में आगे कहा गया है कि इस उड़ान के लिए स्पेसएक्स कुछ हीट-शील्ड टाइलों को हटाकर संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण करेगा और हिंद महासागर में नियोजित स्पलैशडाउन से पहले सबसोनिक मार्गदर्शन एल्गोरिदम का परीक्षण करेगा. कंपनी ने यह भी बताया कि पिछले मिशनों की तुलना में एक बदलाव यह है कि प्रक्षेप पथ-सुधार चरण के दौरान तीन के स्थान पर पाँच सुपर हैवी इंजनों का उपयोग किया जाएगा.

## इक्वडोर में प्रदर्शनों की सरकार ने की निंदा

**क्विटो, 30 सितंबर.** इक्वाडोर के इम्बाबुरा प्रांत में सप्ताहांत में हुयी हिंसक घटनाओं की सरकार ने जोरदार निंदा करते हुये सोमवार को कहा कि विरोध प्रदर्शनों के रूप में की गई ये गतिविधियां शांतिपूर्ण नहीं हैं. गौरतलब है कि उन हिंसक घटनाओं में एक नागरिक की मौत हो गयी थी और 12 सैनिक घायल हो गये. इन झड़पों में 17 अन्य सैनिक लापता हैं. राष्ट्रपति की प्रवक्ता कैरोलिना जारामिलो ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रदर्शनकारियों ने उत्तरी हाइलैंड समुदायों के लिए खाद्य आपूर्ति ले जा रहे एक काफिले पर घात लगाकर हमला किया. उन्होंने कहा कि विरोध प्रदर्शनों के रूप में की गई ये गतिविधियां शांतिपूर्ण नहीं हैं. उन्होंने आगे कहा कि आतंकवादियों के समूह विरोध प्रदर्शनों में घुसपैठ कर चुके हैं जिनका उद्देश्य नागरिकों के बीच अंशाति उत्पन्न करना है. यह विरोध प्रदर्शन तब शुरू हुआ जब सरकार ने 12 सितंबर को डीज़ल सब्सिडी समाप्त करने की घोषणा की. इससे डीज़ल की कीमतें बढ़ गयी, जिसका कड़ा विरोध परिवहन संघों, आदिवासी समुदायों और मज़दूरों ने किया.

# संचार साथी पहल से 6 लाख खोए मोबाइल बरामद

**नई दिल्ली** 30 सितंबर. दूरसंचार विभाग की प्रमुख डिजिटल सुरक्षा पहल 'संचार साथी' ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है. इस पोर्टल और मोबाइल ऐप के जरिए अब तक 6 लाख से ज्यादा खोए और चोरी हुए मोबाइल फोन बरामद किए जा चुके हैं. यह सफलता नागरिकों के डिजिटल भरोसे को मजबूत करने और साइबर अपराध से निपटने में तकनीक की ताकत को दर्शाती है.'संचार साथी' के तहत उपलब्ध Block Your Lost/Stolen Mobile Handset सुविधा वास्तविक समय में डॉट, टेलीकॉम कंपनियों और राज्य/केंद्र शासित प्रदेश पुलिस को जोड़ती है. इस सुविधा से नागरिक खोए या चोरी हुए मोबाइल को रिपोर्ट ब्लॉक, ट्रेस और अनब्लॉक कर सकते हैं.

जैसे ही किसी चोरी या खोए मोबाइल में नया सिम लगाया जाता है, तुरंत ट्रेसिंग सिस्टम सक्रिय हो जाता है और नागरिक के साथ-साथ संबंधित थाने को भी सूचना भेज दी जाती है. आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, इस वर्ष जनवरी 2025 में 28,115 मोबाइल बरामद हुए थे. जबकि अगस्त 2025 में यह संख्या बढ़कर 45,243 हो गई, यानी 8 महीनों में रिकवरी दर में 61 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई. वर्तमान में यह प्लेटफॉर्म हर मिनट एक मोबाइल फोन रिकवर करने में मदद कर रहा है.

यह पहल मई 2023 में शुरू हुई थी और अब तक 19 करोड़ से ज्यादा वेबसाइट विजिट और 90 लाख से अधिक ऐप डाउनलोड दर्ज कर चुकी है. संचार साथी ऐप हिंदी, अंग्रेजी और 21 क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध है, जिससे देशभर के नागरिक आसानी से इसका उपयोग कर सकें.

**पश्चिम मध्य रेल**
**संकेत एवं दूरसंचार विभाग**
**खुली निविदा**

**मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर,** भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु निर्धारित ई-निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा सूचना क्रमांक:** जबल-एन-सिग.-टेण्डर-2025-35. **कार्य का नाम लोकेशन सहित: पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर मंडल के स्वचालित ब्लॉक सिग्नलिंग खंड (बीजेक्यू-एमएकेआर) पर समानांतर डिजिटल एक्सल काउंटर और यूएफएसबीआई के प्रावधान द्वारा सिस्टम विश्वसनीयता बढ़ाने के संबंध में एसएंडटी कार्य (सिग्नलिंग कार्य)। निविदा का अनुमानित मूल्य:** ₹ 2,61,92,061.26. **निविदा फार्म की कीमत:** 00. **कार्यालय का पता:** मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) कार्यालय, प्रथम तल, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, जबलपुर। **बयाना राशि:** ₹ 2,81,000/-. **समापन अवधि:** 11 माह। **निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय:** दिनांक 27.10.2025 को 15.00 बजे बंद होगी एवं 15.00 बजे के बाद खोली जाएगी। निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे वेबसाइट **"https://ireps.gov.in"** पर उपलब्ध है तथा मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) कार्यालय, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है। उक्त निविदा उक्त वेबसाइट से ऑनलाईन आवेदन की जा सकती है।

**स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर**

**कब्जा नोटिस**

जबकि, **जन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी ने वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 13 (2) के साथ नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उधारकर्ता(ओं)/सह-उधारकर्ताओं को **मांग नोटिस** जारी किए हैं, जिसमें उधारकर्ताओं से आह्वान किया गया है कि वे नोटिस की प्राप्ति की तिथि से **60 दिनों** के भीतर संबंधित नामों के समक्ष उल्लिखित राशि को ब्याज सहित उक्त नोटिस में उल्लिखित लागू दरों पर चुकाएं, साथ ही भुगतान और/या वसूली की तिथि तक लागू आकस्मिक व्यय, लागत, प्रभार आदि के रूप में भविष्य में होने वाले ब्याज का भी भुगतान करें।

| क्र. सं. | ऋण संख्या | उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/ गारंटर/बंधककर्ता | 13(2) नोटिस दिनांक/ बकाया राशि (रुपये में) | दिनांक/समय और कब्जे का प्रकार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 31200430000034 | 1) बद्दू पुत्र श्री बद्री प्रसाद एवं 2) श्रीमती रविता मल्लाह पत्नी बद्दू मल्लाह | 20.05.2025, रू. 2,01,955.22 (दो लाख एक हजार नौ सौ पचपन और बाईस पैसे मात्र) 15.05.2025 तक | दिनांक: 25.09.2025 समय: सुबह 11.35 प्रतीकात्मक कब्जा |
| | **सुरक्षित संपत्ति का विवरण:** वह समस्त भूमि का टुकड़ा और टुकड़ा, जो आबादी का हिस्सा है खसरा संख्या 805, जिसका क्षेत्रफल 600 वर्ग फुट (55.76 वर्ग मीटर) है, तथा उस पर निर्माण सहित, पीएच संख्या 52, ग्राम-मगरमुहा (बिजना), आर.एन.एम. एवं विकास खंड-शाहपुरा, तहसील शाहपुरा (भिटोनी) एवं जिला जबलपुर (मध्य प्रदेश) में स्थित है। भूखंड धारक प्रमाण पत्र के अनुसार, पूर्व में बंजारी, पश्चिम में कृषि भूमि, उत्तर में सड़क और दक्षिण में नेमाजी से घिरा है। वास्तविक स्थल के अनुसार, पूर्व में बद्दू मल्लाह का मकान, पश्चिम में बद्दू मल्लाह, उत्तर में सड़क और दक्षिण में बद्दू मल्लाह से घिरा है। | | | |

जबकि ऊपर उल्लिखित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता देय राशि का भुगतान करने में विफल रहे हैं, इसलिए विशेष रूप से ऊपर उल्लिखित उधारकर्ताओं और आम जनता को सूचित किया जाता है कि जन लघु वित्त बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उपरोक्त वर्णित संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों को उक्त नियमों के नियम 8 के साथ उपरोक्त उल्लिखित तिथियों पर अपने कब्जे में ले लिया है। विशेष रूप से ऊपर उल्लिखित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता और आम जनता को एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि वे उपरोक्त संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों से लेन-देन न करें और उक्त संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों से कोई भी लेन-देन **जन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड** के प्रभार के अधीन होगा।

स्थान: जबलपुर
दिनांक: 01.10.2025

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी,
जन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के लिए

**JANA SMALL FINANCE BANK** (A Scheduled Commercial Bank)
पंजीकृत कार्यालय: द फेयरवे, भूतल एवं प्रथम तल, सर्वेक्षण संख्या 10/1, 11/2 एवं 12/2बी, डोम्लुर के पास, कोरमंगला इनर रिंग रोड, ईजीएल बिजनेस पार्क के बगल में, चल्लाघट्टा, बेंगलुरु-560071
शाखा कार्यालय: प्लॉट संख्या 131/01, भूतल, एमपी नगर जोन-2, भोपाल (एमपी)-462011।